Continental Chemicals Ltd
Regd. & Head Office : A-7, Sector-7, Noida-201301 (U.P.) India
Tel. : 91-120-2423316
Fax : 91-120-2423316
E-mail : info@continentalsoft.com
: nkc@continentalsoft.com
Web : www.continentalchemicalsltd.com
CIN : L24123UP1984PLC014111

**Date: 04.02.2025**

To
The General Manager
Bombay Stock Exchange & Listing
Corporate Relationship Department,
1st Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building PJ Tower,
Dalal Street, Fort
Mumbai-400001
**Scrip code – 506935**
**ISIN- INE423K01015**

**Subject: Newspaper Copy for Unaudited Financial Results (Reg. 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015 for Quarter ending on 31st December, 2024, Published in newspaper on 4TH February, 2025:**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Reg. 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, please find attached herewith advertisement of Unaudited Financial Results for the Quarter ended on 31st December, 2024 as published in newspapers. The Board approved and took on record the Unaudited Quarterly Financial Results for the quarter ended on 31st December, 2024 in their board meeting held on Monday, 03.02.2025 which was started at 4:00 P.M. and concluded at 4:30 P.M. at the Registered office of the Company situated at A-7, Sector-7, Noida-201301.
Please take the same in your records.
Thanking you,
Your Faithfully,

For **Continental Chemicals Limited**

Sakshi Dhawan Digitally signed by Sakshi Dhawan Date: 2025.02.04 12:27:58 +05'30'

CONTINENTAL CHEMICALS LIMITED NOIDA

**Sakshi Dhawan**

**Company Secretary**

**(Membership No: ACS 033279)**

Encl: Copy of Published Unaudited Financial Results for the 3rd Quarter ended on 31st December, 2024 in Hindi and English Newspaper

# तड़के 3 बजे से ही वॉर रूम में डटे रहे मुख्यमंत्री योगी



## ● बसंत पंचमी के अमृत स्नान के संबंध में डीजीपी प्रमुख सचिव गृह व अन्य अधिकारियों को लगातार देते रहे आवश्यक दिशा-निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ महाकुम्भ नगर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बसंत पंचमी के पावन अवसर पर अमृत स्नान की व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रातः साढ़े तीन बजे से अपने सरकारी आवास स्थित वॉर रूम में बैठक की। उन्होंने डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों के साथ लगातार अपडेट प्राप्त किए और आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण

### पल-पल की ली अपडेट

आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में पूरी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि स्नान के दौरान किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो और सभी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान की जाए। योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्नान स्थल पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक इंतजाम पूरे करें। साथ ही, उन्होंने आस्था के इस महान पर्व पर प्रशासन की तत्परता को बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि हजारों श्रद्धालुओं को बिना किसी समस्या के संगम में स्नान का लाभ मिल सके।

# अयोध्या में श्रद्धालुओं का बसंत, आंकड़ा एक करोड़ पार

## ● महाकुम्भ से पवन रामनगरी में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या



**रामनगरी** ने इस बार एक नया कीर्तिमान गढ़ दिया है। 26 जनवरी से बसंत पंचमी यानी तीन फरवरी तक अयोध्या में एक करोड़ से भी अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। इसे श्रद्धालुओं का बसंत माना जा रहा है। राम की धुन में श्रद्धालु झूम रहे हैं। चौकस प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच अयोध्या पहुंचने वाला हर श्रद्धालु गदगद है और श्रीराम के साथ-साथ मोदी और योगी के भी जयकारे लगा रहा है। वहीं सोमवार को वसंत पंचमी पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान व दर्शन पूजन किया।

भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद पहली बार प्रयागराज में महाकुम्भ लगा है। पहले ही अनुमान लगा लिया गया था कि महाकुम्भ में पहुंचने वाले श्रद्धालु अयोध्या भी पहुंचेंगे। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखने के लिए शासन के अधिकारियों की भी फौज उतार दी थी। सख्त निर्देश दिए थे कि किसी भी श्रद्धालु को तकलीफ नहीं होनी चाहिए। दो फरवरी को मिल्कीपुर में जनसभा के बाद भी अधिकारियों को निर्देशित कर दिया था। अयोध्या में बसंत पंचमी पर भोर से ही स्नान शुरू हो गया। दोपहर बाद तक स्नान और दान का सिलसिला जारी रहा। इस बीच श्रद्धालुओं ने दर्शन के लिये मठ-मन्दिरों का रुख किया। राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में देर शाम तक दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र राम मंदिर बना हुआ है। रोजाना तीन लाख के करीब श्रद्धालु रामलला से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए ट्रस्ट ने व्यापक इंतजाम किए हैं। दर्शन के लिए 18 घंटे मंदिर खोला जा रहा है। वहीं हनुमान गढ़ी में भी प्रतिदिन श्रद्धालुओं की कतार दिखाई पड़ रही है। बसंत पंचमी की अयोध्या के मठ मंन्दिरों में धूम है। साधु-संतों ने रंग खेला। इस दौरान गर्भगृह में विराजमान भगवान को भी अबीर गुलाल लगाया जाता है। बसंत पंचमी पर गर्भगृह में विराजमान रामलला को नए पीले वस्त्र धारण कराए गए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार रामलला को गुलाल भी लगाया गया। प्रसाद स्वरूप अर्चकों ने भी परस्पर गुलाल लगाया। खीर, पूड़ी, मेवा, फल और अन्य व्यंजनों का भोग लगाया गया। प्रयागराज में स्नान करने के लिए एक बड़ा क्षेत्र है, लेकिन अयोध्या में श्रद्धालुओ के केंद्र पर रामलला ही हैं। ऐसे में एक ही जगह पर बड़ी संख्या में एकत्रित भीड़ को संभालना आसान नहीं था, लेकिन प्रशासनिक सूझ-बूझ व अधिकारियों की रणनीति ने इसे आसान बना दिया। आईजी प्रवीण कुमार बताते हैं की रोड डायवर्जन कर दिया गया है। इसके अलावा पार्किंग के भी इंतजाम किये गए हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा मानकों के आधार पर श्रद्धालुओं को दर्शन कराया जा रहा है। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि हमारे अधिकारी 24 घन्टे मेला क्षेत्र में निगरानी बनाये हुए हैं। 25 से 30 हजार लोगों के ठहरने के इंतजाम हैं। इसके अलावा खुले में सोने वालों को आश्रय स्थल में भेजने के लिए वाहन लगाए गए हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है।

# अखिलेश के पास प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए वक्त नहीं पर सियासत के लिए वक्त है: चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के अयोध्या आने के बाद भी रामलला का दर्शन न करने पर सवाल खड़ा किया है। मिल्कीपुर विधानसभा के इनायतनगर में आस्कर केरला पब्लिक स्कूल में पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव उपचुनाव के प्रचार में अयोध्या आए है। इससे पहले भी वह अयोध्या आ चुके है। प्रभु श्री राम का दर्शन करने के लिए उन्हें समय नहीं मिला। लेकिन सियासत वह जरुर करते है।

भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि सपा के लोग सनातन धर्म व साधू संतो के बारें में टिप्पणी करते रहते है। उनका स्वभाव व चरित्र सनातन का विरोध करने का रहा है। सपा की सरकार में जिस तरह से अराजकता, गुंडागर्दी, बेइमानी व भ्रष्टाचार रहता था। सपा सरकार में पूरी सरकार अराजक तत्वों के संरक्षण में खड़ी रहती थी। इस प्रकार की लगातार घटनाएं रही है। जिसमें सपा का चरित्र माफियाओं व अपराधियों के साथ खड़ा होने का रहा है। आज भाजपा सरकार है। यूपी के विकास के लिए सरकार ने काम किया है। संस्कृति, आस्था व विरासत के आधार पर हम आगे बढ़ रहे है। चौधरी ने कहा कि योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में अपराध व अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति के तहत काम किया है। अपराधियों पर हो रही कार्रवाई की वजह से अपराध में काफी कमी आयी है। सपा की सोच व प्राथमिकताओं में अपना परिवार व जाति है। सपा के लोग अपनी पारिवारिक विरासत को लेकर आगे बढ़ते है। भाजपा हमेशा 140 करोड़ की विरासत को लेकर आगे बढ़ती है। सपा के समय अयोध्या में किस प्रकार गतिविधि होती थी, कारसेवको के नरसंहार का काम सपा की सरकार में हुआ है।

# ईको टूरिज्म में युवाओं के लिए असीमित अवसर: जयवीर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने एक संदेश में कहा है कि किसी भी क्षेत्र के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी उद्देश्य से आईआईटी कानपुर में आयोजित कॉन्क्लेव में ईको-टूरिज्म बोर्ड ने सहभागिता किया। निश्चित रूप से इसका सफल परिणाम शीघ्र हमारे सामने होगा। इको टूरिज्म के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश विश्व का ध्यान खींचेगा। बदलते परिवेश में आदमी भौतिक साधनों से ऊब कर प्रकृति के सानिध्य में रहना चाहता है, जहां पर मनोरम स्थल होने के साथ ही प्रदूषण मुक्त वातावरण हो। कोरोना काल के दौरान यह देखा गया कि हर आदमी प्रकृति के समीप जाना चाहता है।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि ईको टूरिज्म पर्यटन का ऐसा क्षेत्र है जहां पर पर्यटक जैवविविधता को नुकसान पहुंचाये बगैर पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर सके। साथ ही स्थानीय मान्यताओं, परम्पराओं, सांस्कृतिक परिवेश को करीब से जान सके। उन्होंने कहा कि इसको दृष्टिगत रखते हुए एग्री टूरिज्म तथा होम.स्टे कांसेप्ट को बढ़ावा दिया जा रहा है। ईको टूरिज्म एक उभरता हुआ पर्यटन है। ईको टूरिज्म से स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ जुड़कर आमदनी बढ़ाने का एक सुनिश्चित जरिया भी है। उन्होंने कहा कि इसको दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने 31 जनवरी से 2 फरवरी तक आईआईटी कानपुर में आयोजित तीन दिवसीय पॉलिसी कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया। बोर्ड की ओर से स्टॉल लगाकर ईको टूरिज्म स्थलों का प्रचार-प्रसार किया गया। कतर्नियाघाट, दुधवा नेशनल पार्क और पीलीभीत टाइगर रिजर्व आदि का वर्चुअल भ्रमण भी कराया गया। कॉन्क्लेव में क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित हुई।

मुख्य वन संरक्षक कानपुर केके सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश का नैसर्गिक सौंदर्य अद्भुत है। यहां विविध प्रकार के वन्यजीव, विलुप्तप्राय पक्षियों समेत कई अन्य आकर्षण के केन्द्र हैं, जो देश-दुनिया को आकर्षित करते हैं।

पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष, सीनियर एडवाइजर राजीव गर्ग ने कहा हमारा प्रयास है कि ईको-टूरिज्म साइट्स पर पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जाए। ताकि यहां आने वाले पर्यटक विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें।

## पं. बिरजू महाराज जयंती समारोह आज

**बिरजू** महाराज कथक संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा मंगलवार 4 फरवरी को पं. बिरजू महाराज जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन संत गाडगे महाराज प्रेक्षागृह, संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर लखनऊ में सांय 5 बजे से शुरू होगा। समारोह का उद्घाटन संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह करेंगे। समारोह में पं. बिरजू महाराज की शिष्या डॉ. दीपान्विता सिंधा राय द्वारा एकल नृत्य की प्रस्तुति भी दी जायेगी।

## भारत निर्वाचन आयोग मूकदर्शक की भूमिका से उठे ऊपर: श्याम लाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने पार्टी की मांगों को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग मूकदर्शक की भूमिका से ऊपर उठकर मिल्कीपुर विधान सभा उप चुनाव पारदर्शी, स्वतंत्र, भयमुक्त, निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए त्वरित कार्यवाही करें। ज्ञापन के मध्यम से सपा ने कहा कि मिल्कीपुर विधान सभा उप.चुनाव में मतदान के दिन पुलिस कर्मियों के हस्तक्षेप पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाये।

# मिल्कीपुर चुनाव जनता बनाम सरकार के बीच है: अखिलेश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को मिल्कीपुर विधान उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद के समर्थन में विशाल चुनाव जनसभा को सम्बोधित किया। अखिलेश यादव ने अजीत प्रसाद को भारी मतों से जिताने की अपील की। इससे पूर्व अखिलेश यादव ने स्वर्गीय मित्रसेन यादव की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। जनसभा को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मिल्कीपुर का चुनाव ऐतिहासिक चुनाव है। मिल्कीपुर का चुनाव चुनौती है। यह चुनाव जनता बनाम सरकार के बीच है। मतदाताओं और प्रशासन के बीच होने जा रहे यह चुनाव राजनीति की दिशा का संदेश देगा। मिल्कीपुर की जनता समाजवादियों के साथ है। इसीलिए भाजपा ने 9 सीटों के साथ हुए उपचुनाव के साथ मिल्कीपुर का चुनाव नहीं होने दिया।

मिल्कीपुर के इस उपचुनाव के परिणाम को लेकर भाजपा के लखनऊ वालों को नींद नहीं आ रही है। अयोध्या की जनता ने लोकसभा चुनाव में जिताकर समाजवादी पार्टी का सम्मान बढ़ाया। हमने अवधेश प्रसाद को अपने साथ आगे बैठाया तो कई लोगों को दर्द होने लगता है। अयोध्या की जनता ने भाजपा की साम्प्रदायिक राजनीतिक को खत्म कर दिया। मिल्कीपुर में समाजवादियों का महाकुंभ भाजपा की साम्प्रदायिक राजनीति का पूरी तरह से खात्मा कर देगी।

# यूपी सहित कई प्रदेशों में सक्रिय इनामी अपराधी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ** ने घूमन्तु अपराधिक गिरोह के सक्रिय सदस्य कोतवाली सिटी फगवाडा, पंजाब से 50 हजार के इनामी अपराधी सूरज पारदी को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्त सूरज पारदी ने पूछताछ पर बताया कि वह मूलरूप से ग्राम सेवडा थाना सुभाषपुरा, जनपद गुना (मध्य प्रदेश) का रहने वाला है। बताया कि हमारे गैंग के सदस्य देश भर में घूम-घूमकर शहरों में डेरे डालकर रहते है और इस गिरोह के लोग रात में मकानों की ग्रिल काटकर तथा दुकानों के शटर तोडकर चोरी की वारदात करते हैं। जगहर हो जाने अथवा विरोध होने पर हमला करके गृह स्वामियों को घायल भी कर देते है। वारदात करने के पश्चात एक स्थान से दूसरे शहर में चले जाते हैं। वह 9-10 साल का था तो उसने लोगों की जेब काटना सीख लिया था और सबसे पहले वह चोरी की साईकिल के केस में मध्य प्रदेश से जेल गया था। उसने लॉकडाउन से पहले 700 ग्राम पीतल पर सोने का पानी करवाकर एक सुनार को 7 लाख रुपये में बेच दिया था। जिसमें वह जेल गया था। वर्ष 2020 में वह कच्ची शराब बनाने के सम्बन्ध में थाना सुभाशषपुरा, मध्य प्रदेश पर आबकारी अधिनियम का अभियोग दर्ज हुआ था। जिसमें जेल गया था। वर्ष 2020 में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर मध्य प्रदेश के सुभाषपुरा क्षेत्र में एक किराने की दुकान के शटर को तोडकर चोरी की घटना का अंजाम दिया था। उल्लेखनीय है कि दिनांक 10-01-2024 को घूमन्तु अपराधिक गिरोह के लोगो द्वारा थाना लोनी बार्डर जनपद गाजियाबाद में बेहटा स्थित सन्टू सोनू, ज्वैलर्स की दुकान का शटर तोड़कर दुकान में रखे जेवरात की चोरी कर लिया गया था। इस घटना के सम्बन्ध में थाना लोनी बार्डर गाजियाबाद पर अभियोग पंजीकृत हुआ था और इसी अभियोग में अभियुक्त सूरज पारदी वांछित चल रहा था। अभियुक्त सूरज पारदी ने यह भी बताया कि उसने अपने साथी रोहित पुत्र बबलू एवं खलनायक पुत्र बादल तथा बलदीप के साथ मिलकर वर्ष-2024 में जून के महीने में पंजाब राज्य के फगवाड़ा क्षेत्र में एक सर्राफा की दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था, इस घटना के सम्बन्ध में थाना फगवाडा, पंजाब में अभियोग पंजीकृत हुआ था।

# प्रदेश का किसान बनेगा नए यूपी की पहचान: दिनेश प्रताप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उद्यान** कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सोमवार को राजकीय उद्यानए आलमबाग में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर आर्नामेंटल प्लांट्स के तहत नवनिर्मित किसान प्रशिक्षण भवन एवं प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने देश व प्रदेश के सभी किसान भाईयों को आधुनिक सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण केन्द्र के संचालित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस प्रशिक्षण केन्द्र में किसानों को विभिन्न औद्यानिक फसलों, फल एवं सब्जियों की, पौधशाला, नर्सरी तैयार करने की तकनीकी ट्रेनिंग दी जायेगी। किसानों को नर्सरी लगानेए बीजों की बुवाई और अंकुरण से लेकर पौध तैयार करने तक की नर्सरी प्रबंधन की नई विधियां और तकनीकें सिखाई जाएंगी। यहां पर किसानों को प्रदेश की मिट्टी और जलवायु के अनुसार खेती करने की जानकारी भी दी जायेगी। इस अवसर पर उद्यान मंत्री सिंह ने कहा कि योगी सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिसके लिए केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार किसानों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है। आधुनिक तकनीकी व सुविधाओं से युक्त इस प्रशिक्षण भवन को संचालित किया गया है। इसके माध्यम से उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की जानकारी दी जायेगी। साथ ही उन्हें वैल्यू एडेड औद्यानिक फसलों को आधुनिक तरीके से उत्पादन करने और उनके रख रखाव का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मै जयवीर सिंह रूद्रा एसोसिएटस मे HDFC का कलेक्शन का काम करता हूँ मेरा आईडी कार्ड 241038185600213 है मेरा कार्ड कही गिर गया है. किसी को मिले तो सम्पर्क करे मो० 6393793091

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बैनामा फ्लैट नम्बर-304 तृतीय तल, जो भूखण्ड खसरा सं० 2391 पर निर्मित सौभाग्य अपार्टमेन्ट, स्थित-विजय नगर, (कनौसी), लखनऊ को सौभाग्य इन्फ्राबिल्ड प्रा०लि० द्वारा निदेशक अरविन्द कुमार त्रिपाठी स्वयं व बहैसियत मुख्तार आम मृणालिनी त्रिपाठी से दिनांक-26.06.2023 को क्रय किया था। जो क्रमांक 6129 पर पंजीकृत है। मैं जनपद सिविल कोर्ट लखनऊ व्यक्तिगत कार्य से गया था जो उपरोक्त कागजात व अन्य सामान रास्ते में कहीं गिर गये है काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिले। उक्त कागजात का प्रयोग किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अवैध माना जाये। गुंजन कुमार गुप्ता पुत्र श्री उमाशंकर गुप्ता निवासी-ए-1624-सेक्टर आई आशियाना-कानपुर रोड, लखनऊ

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट (पासपोर्ट संख्या-L5008573) में मेरा का नाम त्रुटिवश शहनाज (SHAHNAZ) अंकित हो गया है। मेरा वास्तविक नाम शहनाज बानो (SHAHANAJ BANO) है। शहनाज (SHAHNAZ) व शहनाज बानो (SHAHANAJ BANO)दोनों नाम एक ही महिला अर्थात मेरे हीं है। शहनाज बानो पत्नी मोहम्मद सईद निवासिनी-प्लाट नं0-12बी, सेमरागौढ़ी, नटबीर बाबा मजार रोड, लखनऊ

**सूचना**

मैंने, राजाराम व विकास से सारे सम्बन्ध खत्म कर दिये है अब मेरी व परिवार की उनके कार्यो की कोई जिम्मेदारी न होगी। मोनू बाल्मीकि सण्डीला चौवेपुर कानपुर

**सूचना**

मैं आराध्य शुक्ल पुत्र चेतन शुक्ल निवासी C-13 लक्ष्मण बिल्डिंग बाबूगंज थाना हसनगंज लखनऊ मेरा नाम अब तक आराध्य शुक्ल था जिसे मैं परिवर्तित कर अपना नाम अब अर्जुन शुक्ला रख लिया है। सार्वजनिक जानकारी हेतु प्रसारित

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे पहचान पत्र व भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 226195659 पर मेरा नाम दीपा दर्ज है जबकि मेरी बैंक पासबुक व आधार कार्ड पर मेरा नाम पार्वती दर्ज है। दीपा व पार्वती दोनों एक ही महिला के नाम हैं जो कि मेरे हैं। पार्वती उर्फ दीपा पत्नी मोलहे वर्तमान पता-736,सेक्टर नजदीक प्लाट वैशाली आई.ई.साहिबाबाद,जिला-गाजियाबाद (उ.प्र.) स्थाई पता-ग्राम व पोस्ट-मुड़ियाकैल,जिला- सीतापुर

**NOTICE**

Shivam Rai, son of Army No. 9424190X Hav. Sanjay Rai, of regt/corps 11GR, unit 6/11 GR, permanent resident of Road No. 6, up-per Bagdogra, Stallin Nagar, Darjeeling, West Bengal-734014, hereby solemnly affirm an oath that all his army documents are in wrong name "Shibam Rai" and his correct name is "Shivam Rai" having Aadhar Card No. 7799 5925 9399 and he will use "Shivam Rai" in his service record in the future.

**शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कं. लि.**
कॉर्पोरेट कार्यालयः 425, उद्योग विहार फेज IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा)
फोनः 0124-4212530/31/32, ई-मेलः customercare@shubham.co वेबसाइटः www.shubham.co

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एंव प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट 2002 के तहत **शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी लि. (इसके बाद इसे शुभम् के रूप में संदर्भित)** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदारों को निम्नलिखित दिनांकों को एक डिमांड नोटिस जारी किया था, जिसमें सूचना उल्लेखित बकाया राशि को, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने का कहा गया था।
उधारकर्ताओ उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अद्योहस्ताक्षरी ने इसमें नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियो के इस्तेमाल के अन्तगर्त कब्जा निम्नलिखित दिनांक को ले लिया है।
उधारकर्ताओं को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे उक्त सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन **शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी लि.** के प्रभार वास्ते राशि और भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. /कर्जदार(रों), सह-कर्जदार का नाम) | मांग सूचना की राशि | मांग सूचना की तिथि | सुरक्षित आस्तियां | चस्पा की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 0ALB2306000005064783, Ali Husain, Sumaila Bano | रु. 15,98,855/- | 22-11-2024 | मकान नंबर 172 के/के/10 प्लॉट खसरा नं. 1814 मि का हिस्सा, कसारी मसारी परगना और तहसील सदर इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश-211011 में स्थित | 31-01-2025 |
| 2. | 0LKW2103000005035926, 0LKW2303000005061025, संतोष सिंह, कमला सिंह, दीलीप सिंह | रु. 8,13,606/- रु. 7,40,801/- | 22-11-2024 | मकान नं. 616/272 का हिस्सा, प्लॉट नंबर-57 के हिस्से पर निर्मित, खसरा नं. 182 और 197 के ए मिन का हिस्सा, सेमरा गौढ़ी, बसंत विहार कॉलोनी, वार्ड-फैजुल्लागंज, तहसील और जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 में स्थित | 31-01-2025 |

स्थानः गुड़गाँव,
तिथिः 03.02.2025
प्राधिकृत अधिकारी
शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी लि.

**इंडियन बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम) इलाहाबाद
**Indian Bank** (A Govt. of India Undertaking) ALLAHABAD

**कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति हेतु)**
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन)अधिनियम 2002 के नियम-8(1) के अंतर्गत

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **इंडियन बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, (धारा 54, 2002) की धारा 13 (12) प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (प्रवर्तन) की सपठित नियम 3, 8 व 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणी को मांग सूचना पत्र से यहाँ विस्तृत रूप से नीचे दी गयी राशि 60 दिनों के भीतर लौटाने के लिए निर्गमित किया।
ऋण-ग्रहिता/ जमानतकर्ता के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋण-ग्रहिता/जमानतकर्ता और सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचना दी जाती है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 व 9 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में निम्नलिखित सम्पत्तियों का आधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है। ऋण-ग्रहिता/जमानतकर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्व-साधारण को सामान्य रूप से एतद्वारा संपत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त संपत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय **इंडियन बैंक** के अधीन रहेगा।
**उधारकर्ता/जमानतकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**
यह सूचना इस अधिग्रहण के आयोजन के सम्बन्ध में कर्जदारों, जमानतकर्ताओं और बंधककर्ताओं को बकाया जमा करने के लिए कहा जा रहा है।
विवरण निम्नुसार हैं:-

| क्र. सं. | ऋणी/प्रोपराइटर/जमानतकर्ता/ बंधककर्ता का नाम एवं पता | अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / कब्जा की तिथि / बकाया धनराशि |
|---|---|---|---|
| | शाखाः आलमबाग शाखा | | |
| 1. | **1. अशोक कुमार यादव पुत्र बाल किशोर,** निवासी 555-जे/68छ मेहंदी खेड़ा मानक नगर आलमबाग लखनऊ **2. सुमन यादव पत्नी अशोक कुमार यादव,** निवासी 555-जे/68छ मेहंदी खेड़ा मानक नगर आलमबाग लखनऊ | संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर फ्लैट सं. 555-जे/68छ, मेहंदी खेड़ा मानक नगर आलमबाग, लखनऊ, पंजीकरण उप-जिला लखनऊ एवं जिला लखनऊ, **चौहद्दीः उत्तरः** अन्य का प्लॉट, **दक्षिणः** अजीत सिंह का मकान, **पूर्वः** नाला बदाहू रेलवे लाइन, **पश्चिमः** रोड | 23.07.2024 / 30.01.2025 / रु. 5,75,122.00 एवं उसपर ब्याज |
| | शाखाः उजरियावां शाखा | | |
| 2. | **1. मेसर्स करकाधाम इंटरप्राइजेज (ऋणी),** पताः 656/5/1636, मोहम्मदपुर खत्री, आदिल नगर, लखनऊ- 226021 **2. श्री जीवन सिंह पुत्र श्री माता बादल सिंह (ऋणी/बंधककर्ता),** पताः 9, अलकापुरी, कुर्सी रोड, लखनऊ- 226022 **3. श्रीमती मांडवी सिंह पत्नी श्री जीवन सिंह (जमानतकर्ता),** पताः 9, अलकापुरी, कुर्सी रोड, लखनऊ- 226022 | संपत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित प्लॉट सं. 20, खसरा सं. 67 का भाग, क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट, आदिल नगर, वार्ड- शंकरपुरवा, लखनऊ, **मालिकः** श्री जीवन सिंह पटेल, **विलेख के अनुसार चौहद्दीः उत्तरः** प्लॉट सं. 21 समिति, **दक्षिणः** प्लॉट सं. 19 समिति, **पूर्वः** प्लॉट दीगर समिति, **पश्चिमः** रास्ता 20 फीट चौड़ा | 21.11.2024 / 03.02.2025 / रु. 17,32,381.00 एवं उसपर ब्याज |

दिनांकः 04.02.2025 स्थानः लखनऊ
प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

**ई-नीलामी सूचना**
**आग से प्रभावित घरेलू उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक सामान आदि के अवशेष**

इच्छुक खरीदारों को आग से प्रभावित घरेलू उपकरणों और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं आदि के अवशेषों के निपटान के लिए ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। विषय वस्तु "जहां है जैसा है", "जो कुछ भी है" और "कोई शिकायत नहीं" के आधार पर बेची जाएगी और मेसर्स ग्रेट ईस्टर्न रिटेल प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित है। विषय सामग्री का निरीक्षण खसरा सं. 56, भार्गव एस्टेट, भिटौली खुर्द, पी.ओ.-डिगुरिया, सीतापुर रोड, लखनऊ- 226020 पर केवल कार्य दिवसों में **04-02-25 से 13-02-25 के बीच सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच** किया जा सकता है। कृपया निरीक्षण के लिए श्री विनीत गुप्ता से 9076589999 पर संपर्क करें।

**ई-नीलामी 14.02.2025 को आयोजित की जाएगी**

ई-नीलामी की नियम और शर्तों हेतु फॉर्म प्राप्त करने के लिए कृपया सुश्री प्रनिता परब 8369644069 पर संपर्क कर सकते है। या वेबसाइट https://www.sealthedeal.co.in/ से डाउनलोड करें।
**नीलामीकर्ताः सील द डील,** जिसका पंजी. कार्यालय 148, पॉकेट सी2, सेक्टर 5, रोहिणी, दिल्ली-110085

**फॉर्म और ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करने की अंतिम तिथि 13-02-2025 है।**

**कॉन्टिनेंटल केमिकल्स लिमिटेड**
सीआईएन - L24123UP1984PLC014111
पंजीकृत कार्यालयः ए-7, सेक्टर-7, नोएडा-201301, यू.पी.
दूरभाषः 91-120-2423316 ईमेलः info@dependentsoft.com, nkc@dependentsoft.com, वेबः www.continentelhemicalsltd.com

**31 दिसम्बर, 2024 को तिमाही और नौ माह समाप्ति हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम**
(ईपीएस छोड़कर लाख रुपये में)

| | विवरण | 31.12.2024 को तिमाही समाप्ति (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2024 को तिमाही समाप्ति (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2023 को तिमाही समाप्ति (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2024 को नौ माह समाप्ति (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2023 को नौ माह समाप्ति (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2024 को वर्ष समाप्ति (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संचालनों से आय | 43.81 | 35.72 | 44.65 | 117.44 | 120.14 | 157.49 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, आपवादिक और/या आसाधारण मर्दे) | 13.83 | 2.90 | 18.49 | 28.73 | 45.59 | 60.55 |
| 3 | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या आसाधारण मदों पश्चात्) | 13.83 | 2.90 | 18.49 | 28.73 | 45.59 | 60.55 |
| 4 | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या आसाधारण मदों पश्चात्) | 9.75 | 2.97 | 17.50 | 23.90 | 39.91 | 51.82 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु लाभ/(हानि) सहित (कर पश्चात्) | 9.83 | 2.98 | 17.58 | 24.06 | 40.17 | 52.11 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 |
| 7 | आरक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर जैसा कि पिछले वर्ष की तुलन-पत्र में दर्शाया गया है) | - | - | - | - | - | - |
| 8 | प्रति शेयर आय (प्रत्येक का रु-10/- ) मूलभूतः | 0.43 | 0.13 | 0.78 | 1.06 | 1.77 | 2.30 |
| | तरलीकृतः | 0.43 | 0.13 | 0.78 | 1.06 | 1.77 | 2.30 |

नोटः
1 उपर्युक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति द्वारा की जाती है और इस प्रकार निदेशक मंडल द्वारा 03.02.2025 को आयोजित उनकी बैठक में अभिलेखों में लिया गया है।
2 पिछली अवधि के आंकड़ों को वर्तमान अवधि के आंकड़ों के साथ तुलनीय बनाने के लिए जब भी आवश्यक हुआ, उन्हें पुनः समूहीकृत/पुनर्वर्गीकृत किया गया है।
3 ये परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 (इंड एएस) और अन्य मान्यता प्राप्त लेखा प्रथाओं और नीतियों के अनुसार संभव सीमा तक तैयार किए गए हैं।
4 कंपनी केवल एक सेगमेंट में काम करती है।
5. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** और सूचीबद्ध इकाई अर्थात कॉन्टिनेंटल केमिकल्स लिमिटेड की वेबसाइट **www.continentalchemicalsltd.com** पर उपलब्ध है। इसे नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके देखा जा सकता है।

स्थानः नोएडा
दिनांकः 03.02.2025
बोर्ड और उसकी ओर से
कॉन्टिनेंटल केमिकल्स लिमिटेड
हस्ता/-
(नरेश कुमार चिब्बा)
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00376963

# Basant Panchami: Millions take amrit snan

PNS ■ MAHAKUMBH NAGAR



Devotees gather to take a holy dip at the Sangam on the occasion of Basant Panchami during the Maha Kumbh in Prayagraj on Monday PTI

The third amrit snan of Maha Kumbh 2025 concluded on Basant Panchami in Prayagraj with akharas taking the sacred ritual bath.

According to the administration, millions of devotees took a holy dip in the sacred waters of Triveni Sangam on Basant Panchami on Monday.

A wave of unwavering faith surged along the banks of Triveni as devotees participated in the amrit snan of Basant Panchami. The third amrit snan commenced with the ritualistic dip of saints from 13 akharas, the torchbearers of Sanatan Dharma, at the confluence of the Ganga, Yamuna, and the mystical Saraswati.

The alignment of Basant Panchami, the divine day marking the manifestation of Goddess Saraswati, with the amrit snan of the akharas made this occasion even more extraordinary. Amrit snans at Maha Kumbh hold deep spiritual significance – the first signifies karma, the second devotion, and the third knowledge.

Upholding their ancient Sanatan traditions, the akharas of sadhus and sanyasis took the sacred amrit snan following an elaborate shobha yatra taken out with full rituals and grandeur.

The sight of this millennia-old unbroken tradition left common devotees spellbound as the dharma rakshak Nagas, ascetics from the Himalayan caves, monasteries and temples, descended on the holy Sangam, adorned in their traditional attire.

Following the customary order, the akharas proceeded towards the Sangam with full grandeur. The amrit snan began with Maha Nirvani Akhara, followed by the Naga Sadhus of Niranjani Akhara, Panchdashnam Juna Akhara, Aawahan Akhara, and Panch Agni Akhara.

The Vaishnav and Udasin Akharas took their sacred dips next, and finally, the Nirmal Akhara completed the holy bathing ritual in the auspicious amrit kaal.

Adding to the divine spectacle, the Yogi Adityanath government showered flowers from helicopters upon the crores of devotees who thronged the Sangam for this last amrit snan of Maha Kumbh 2025.

The floral showers, which began at 6:30 am, continued throughout the amrit snan, blessing saints, Naga sanyasis and devotees with a celestial downpour of rose petals from the skies. The atmosphere reverberated with sacred chants of 'Jai Shri Ram' and 'Har Har Mahadev'.

On all three amrit snans of Maha Kumbh 2025, floral showers from helicopters honoured the saints, akharas, devotees and kalpvasis. On this auspicious occasion of Basant Panchami, marking the divine appearance of Goddess Saraswati, Chief Minister Yogi Adityanath congratulated revered saints, religious leaders, akharas, kalpvasis and devotees who attained spiritual merit by taking the amrit snan in the sacred Triveni Sangam.

The chief minister described Maha Kumbh 2025 as a momentous opportunity to showcase India's rich cultural heritage and spiritual values. He hoped the event would spread the essence of peace, prosperity and harmony throughout society.

To ensure a smooth and secure bathing, an extensive police and security arrangement was put in place across the Maha Kumbh Mela area. Water police and trained divers were stationed at the holy Sangam to ensure the safety of bathers. To enhance surveillance, CCTV cameras were installed throughout the Maha Kumbh Mela area while drones kept an eye from sky.

Senior administrative and police officers personally oversaw crowd control and security measures, remaining present in the mela area throughout the day. ADG Prayagraj Zone Bhanu Bhaskar, Police Commissioner Tarun Gaba, IG Prayagraj Zone Prem Gautam, Divisional Commissioner Vijay Vishwas Pant, DIG Vaibhav Krishna, Mela Adhikari Vijay Kiran Anand, and SSP Rajesh Dwivedi were among those monitoring the arrangements.

# CM Yogi welcomes King of Bhutan to Lucknow

PNS ■ LUCKNOW



King of Bhutan, Jigme Khesar Namgyel Wangchuck, arrived in Lucknow on Monday. Chief Minister Yogi Adityanath warmly welcomed him at Chaudhary Charan Singh International Airport.

The chief minister presented a bouquet to the king and enquired about his well-being. In return, the King of Bhutan extended his greetings to Chief Minister Yogi Adityanath.

In keeping with Indian tradition, artists welcomed the Bhutan king with various cultural performances at the airport. Wangchuk acknowledged their efforts and encouraged the artists.

On Tuesday, the King of Bhutan is set to visit Prayagraj Maha Kumbh, where he will take a holy bath at the Triveni Sangam and perform darshan and pujan at the sacred site.

Among those who were present to welcome the Bhutan king at the airport were Mayor Sushma Kharkwal, Principal Secretary (Home) Sanjay Prasad, DGP Prashant Kumar, and Lucknow District Magistrate Vishak G, who also presented bouquets to the king.


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

Regional Office, Kanpur Dehat Region: 118/330, 2nd Floor, Gumti No. 5, Kaushalpuri, Kanpur-12

**DEMAND NOTICE** Branch : Lalitpur Main, Distt. Lalitpur

Here by this is to inform that under named borrower has not repaid principal and interest thereon of the loan. Therefore the loan become NPA on below Dated . A notice under section 13(2) of the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act 2002 was issued at last known address, which was returned undelivered. Therefore we again inform to under named borrower/ Guarantor by this public notice to repay the loan amount due including interest and other expenses as mentioned in this notice within 60 days from the date of publication of this notice otherwise bank will take action u/section 13(4) of the SARFAESI Act 2002.

The borrower's attention is invited to provision of sub-section (8) of 13 of the act, in respect of time available to redeem the secured assets, that after publication of public auction/inviting quotation/tender/ private treaty your right to redeem the secured assets will not be available.

**Name and Address of Borrower / Guarantor and Security agreement with brief description of securities/N.P.A. Date & Outstanding Amount as per Demand Notice**

**Borrower : Shri Rajkumar** S/o Shri Kshamadhar and Smt. Nirasha W/o Shri Rajkumar, Both R/o : Ramlila Bandh Ke Pas, Rawatyana, Lalitpur, Tehsil & Distt. Lalitpur .

**N.P.A. Date : 24-12-2024 • Demand Notice Date : 03-01-2025**

**Property :** Residential House Bearing Land No. 1576, Mohalla Rawatyana, Ward No. 11, Tehsil & Distt. Lalitpur in the name of Smt. Nirasha W/o Shri Rajkumar, **Area** : 55.76 Sq. Ft., **Bounded-North :** Road, **South :** Property of Seller (Heeralal), **East :** Property of Seller (Heeralal), **West :** Property of Amarchand,

**O/s Amount as per Demand Notice : Rs. 5,79,619.28 + Intt. upto Dt. 31-12-2024 +Others Charges**

**Date : 03-01-2025** **Place : Lalitpur** **Authorised Officer**


# Devotees feel blessed

PNS ■ MAHAKUMBH NAGAR



On Monday, crores of devotees gathered for the amrit snan on Basant Panchami at the grand Maha Kumbh, a sacred celebration of Sanatan faith. Pilgrims from Karnataka, Maharashtra, Gujarat, Odisha and various cities across Uttar Pradesh started arriving in Prayagraj early morning to take a holy dip in Sangam.

The devotees marveled at the scale and divinity of Maha Kumbh, calling it the most magnificent and well-organised event they had ever seen. Grateful for the seamless arrangements, they thanked the Yogi Adityanath government for ensuring a smooth, spiritually enriching experience. Many also refuted social media rumours, affirming their firsthand experience as proof of their falsehood.

The amrit snan on Basant Panchami at Maha Kumbh attracts millions of devotees to Prayagraj. This sacred event, beginning with the auspicious Brahma muhurta, sees devotees and akharas participating in ritual baths at the Sangam.

The devotees dismissed rumours circulating on social media about Maha Kumbh as "baseless", and praised the seamless administration and the grandeur of the divine event, describing it as an unforgettable experience. Ravi, a pilgrim from Hubli, Karnataka, expressed his appreciation, stating that all arrangements were excellent and there were no difficulties in performing the ritual bath. His fellow traveller, R Taksale, shared his excitement, calling Maha Kumbh a memorable experience and eagerly anticipating the amrit snan of the akharas.

Aditya Shukla, who travelled nearly 3,000 kilometres from Mumbai, Maharashtra, to take a holy dip in the Sangam, expressed his appreciation for the seamless arrangements at Maha Kumbh. He emphasised that he faced no difficulties reaching the Sangam bank and was in awe of the efficient management of such a massive spiritual gathering.

Similarly, Sahdev from Maharashtra, who arrived with his family, including his 9-year-old son, described the event as divine and well-organised. He commended the police administration for their cooperative approach, stating that they faced no inconvenience while taking the holy bath in Sangam.

Vivek Rastogi from Lucknow reinforced these sentiments, affirming that the arrangements are completely systematic, allowing devotees to take the holy dip without any hindrance. Dismissing social media rumours as baseless, he highlighted that crores of devotees are taking part in the sacred event peacefully, with no signs of disorder or difficulty.

## SERVICE, DEVOTION CONVERGE

The Maha Kumbh witnessed an inspiring confluence of service and social harmony in Prayagraj on Basant Panchami on Monday. The Social Welfare Department's pandal along the banks of the Sangam, set up in partnership with the National Medicos Organisation and ALIMCO, aids the underprivileged at the Maha Kumbh. Shravan Kumbh supports thousands, offering examination and assistance to those with hearing impairments, with beneficiaries steadily rising.

## AGNI SNAN SADHANA OF VAISHNAV AKHARAS

The 'panch dhuni tapasya', also known as 'agni snan sadhana', commenced with the amrit snan on Basant Panchami.

A unique and intense sadhana has begun in Tapasvi Nagar on the occasion of Vasant Panchami, sparking great curiosity among devotees.

This sadhana, called 'panch dhuni tapasya' or 'agni snan sadhana', is an extraordinary practice where the sadhak (ascetic) surrounds himself with multiple circles of fire and meditates at the center. The intensity of the flames, which can scorch human skin in an instant, is multiplied several times. There is a tradition of this 'agni snan sadhna' in Khalsa of Vaishnav Akhara, which is done after reaching a state of extreme sacrifice and restraint.

# Ayodhya witnesses devotional surge

PNS ■ AYODHYA

Ayodhya has set a new record with over one crore pilgrims visiting the holy city between January 26 and Basant Panchami (February 3). Amid vigilant administrative arrangements, pilgrims arriving in Ayodhya are filled with joy and devotion, chanting slogans in praise of Prime Minister Narendra Modi, Chief Minister Yogi Adityanath, and Lord Shri Ram.

On Basant Panchami, lakhs of devotees took the holy dip and offered prayers, further enriching the spiritual atmosphere.

For the first time since Ram Lalla was enthroned in the grand temple, Maha Kumbh is being held in Prayagraj, drawing an influx of pilgrims to Ayodhya as well. Anticipating this, Chief Minister Yogi had deployed a dedicated team of officials to oversee the arrangements and ensure a seamless experience for devotees. Following a public meeting in Milkipur on February 2, he reinforced instructions to officials, emphasising that no devotee should face any difficulty.

The sacred bathing ritual on Basant Panchami began at dawn and continued until the afternoon, accompanied by acts of charity and devotion. Devotees then proceeded to maths and temples for darshan, with queues stretching till late evening at Ram temple and Hanuman Garhi.

The Ram temple remains the spiritual epicenter of Ayodhya, attracting around three lakh devotees daily. The temple trust has made elaborate arrangements to facilitate darshan, keeping the temple open for 18 hours a day.

Simultaneously, Hanuman Garhi continues to witness a steady stream of devotees, reinforcing Ayodhya's deep-rooted spiritual significance.

The maths and temples of Ayodhya witnessed vibrant celebrations on Basant Panchami, as sadhus and saints joyfully played with colours, marking the festive spirit. As part of the rituals, abir and gulal were also applied to the deity seated in the sanctum sanctorum. Ram Lalla, the presiding deity, was adorned in new yellow garments, symbolising the arrival of spring. According to the Shri Ram Janmabhoomi Teertha Kshetra Trust, gulal was applied to Ram Lalla, and priests exchanged it as prasad, enhancing the spiritual atmosphere. A variety of offerings, including kheer, puri, dry fruits and fruits, were presented as part of the sacred rituals.

While Prayagraj offers vast spaces for ritual baths, Ayodhya's focus remains on Ram Lalla, drawing massive crowds to a concentrated area. Managing such a large gathering was a significant challenge, but effective administrative planning and strategy ensured smooth coordination.

IG Praveen Kumar highlighted key measures implemented for crowd management, including road diversions, designated parking areas, and a substantial police deployment to maintain order. Entry to the fairgrounds was regulated based on safety protocols, ensuring a hassle-free experience for devotees.

Divisional Commissioner Gaurav Dayal affirmed that officers were monitoring the fair zone 24x7, with arrangements in place to accommodate 25,000 to 30,000 people.

Additionally, vehicles have been deployed to transport those sleeping in the open to designated shelters, ensuring their comfort and safety. As a result of these measures, devotees arriving in Ayodhya are experiencing well-organised facilities and a spiritually enriching atmosphere.


इंडियन बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Indian Bank (A Govt. of India Undertaking)

इलाहाबाद ALLAHABAD

**POSSESSION NOTICE (for Immovable Property)**

**[Under Rule-8 (1) of Security Interest (Enforcement) Rules, 2002]**

Whereas, the undersigned being the authorised officer of the **Indian Bank** under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act 2002, (Act 54 of 2002) and in exercise of powers conferred under section 13(12) read with rule 3, 8 and 9 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 issued a demand notice as detailed here in below calling upon the borrower to repay the amount mentioned in the notice within 60 days from the date of receipt of the said notice.

The Borrowers/Guarantors having failed to repay the amount, notice is hereby given to the Borrowers/ Guarantors and the public in general that the undersigned has taken possession of the properties described herein below in exercise of the powers conferred on him / her under section 13(4) of the said Act read with Rule 8 and 9 of the said Rules.

The Borrowers in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the properties and any dealings with the properties will be subject to the charges of the **Indian Bank**.

**The Borrower's / Guarantor's attention is invited to provisions of sub-section (8) of Section 13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets.**

This Possession Notice is being served to the Borrower (s), Guarantor (s) & Mortgagor (s) to deposit the said dues. **Details as under:**

| S. N. | Name & Address of the Borrower (s)/ Guarantor (s)/ Proprietor / Mortgagors | Description of the Immovable Property | Dt. of Demand Notice / Dt. of Possession / Outstanding Amount |
|---|---|---|---|
| **Branch : Alambagh Branch** | | | |
| 1. | **1. Ashok Kumar Yadav S/o Bal Kishore,** R/o 555-J/68Chha Mehndi Khera Manak Nagar Alambagh Lucknow **2. Suman Yadav W/o Ashok Kumar Yadav,** R/o 555-J/68Chha Mehndi Khera Manak Nagar Alambagh Lucknow | All that part and parcel of the property consisting of Flat No. 555-J/68CHHA, Mehandi Khera Manak Nagar Alambagh, Lucknow, the Registration Sub-District Lucknow and District Lucknow, **Bounded by:- North:** Plot of Others, **South:** House of Ajit Singh, **East:** Nala Badahu Railway Line, **West:** Road | 23.07.2024 / 30.01.2025 / **Rs. 5,75,122.00** and interest thereon |
| **Branch : Ujariyawan Branch** | | | |
| 2. | **1. M/s KarkaDham Enterprises (Borrower),** Address: 656/5/1636, Mohammadpur Khatri, Adil Nagar, Lucknow- 226021 **2. Mr. Jeevan Singh S/o Mr. Mata Badal Singh (Borrower/Mortgagor),** Address: 9, Alkapuri, Kursi Road, Lucknow- 226022 **3. Mrs. Mandavi Singh W/o Mr. Jeevan Singh (Guarantor),** Address: 9, Alkapuri, Kursi Road, Lucknow- 226022 | All that part and parcel of the property situated at Plot No. 20, part of Khasra No. 67, measuring area 1200 sqft, Adil Nagar, Ward- Shankerpurwa, Lucknow, in the name of Mr. Jeevan Singh Patel, **Bounded as per deed: North:** Plot No. 21 Samiti, **South:** Plot No. 19 Samiti, **East:** Plot Deegar Samiti, **West:** Rasta 20 ft wide | 21.11.2024 / 03.02.2025 / **Rs. 17,32,381.00** and interest thereon |

**Date : 04.02.2025** **Place: Lucknow** **Authorised Officer Indian Bank**


# Milkipur bypoll a 'chunauti', says Akhilesh

PNS ■ LUCKNOW

Samajwadi Party president Akhilesh Yadav launched a scathing attack on the ruling Bharatiya Janata Party, saying the by-election in Milkipur assembly constituency was not a "chunav" (election) but a "chunauti" (challenge).

"Milkipur bypoll is a direct contest between people and administration; it is not just an election but a challenge," he said.

Addressing a rally in Milkipur on the last day of campaigning, Yadav also said that Milkipur would send a strong message for the future of Uttar Pradesh politics. He alleged that the BJP deliberately postponed the Milkipur bypoll, fearing a loss.

"This is not just an election, it is a challenge. The BJP knew that the people of Milkipur would never abandon the Samajwadi Party, so they ensured the poll did not take place earlier. But those who run away from elections will have to face the people's verdict," Yadav said while addressing the rally in support of party candidate Ajit Prasad. The SP candidate is son of party MP from Faizabad Awadhesh Prasad.

The former chief minister of Uttar Pradesh accused the BJP government of engaging in divisive politics while failing to address real issues. He also targeted the administration over the handling of the Maha Kumbh at Prayagraj, alleging mismanagement and underreporting of casualties.

"They claim crores have taken a dip in the Maha Kumbh, but they are unable to provide the real count of those who lost their lives in the stampede," he said.

"The chief minister says he wakes up at 3 am to monitor arrangements, but when the tragedy happened, where was he?" Yadav asked.

Referring to the victory of SP's Awadhesh Prasad from Faizabad constituency in the 2024 Lok Sabha election, Yadav said the people of Ayodhya had already rejected communal politics.

"The BJP tried to create a communal atmosphere, but Ayodhya's voters stood with Samajwadis. Now, Milkipur will send another strong message for the future of Uttar Pradesh politics," he added.

The Milkipur bypoll is scheduled for February 5 and the results will be announced on February 8. The contest is primarily between the SP and the BJP, with both parties deploying senior leaders for campaigning.


**CONTINENTAL CHEMICALS LIMITED.**

CIN - L24123UP1984PLC014111

REGISTERED OFFICE: A-7, SECTOR-7, NOIDA-201301, U.P

Tel : 91-120-2423316 Email: info@continentalsoft.com, nkc@continentalsoft.com web: www.continentalchemicalsltd.com

**UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER, 2024**

Amount in lakh except EPS

| | PARTICULARS | 3 Months Ended 31.12.2024 (Unaudited) | 3 Month Ended 30.09.2024 (Unaudited) | 3 Month Ended 31.12.2023 (Unaudited) | 9 Month Ended 31.12.2024 (Unaudited) | 9 Month Ended 31.12.2023 (Unaudited) | Year ended 31.03.2024 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Income from operations | 43.81 | 35.72 | 44.65 | 117.44 | 120.14 | 157.49 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 13.83 | 2.90 | 18.49 | 28.73 | 45.59 | 60.55 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 13.83 | 2.90 | 18.49 | 28.73 | 45.59 | 60.55 |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 9.75 | 2.97 | 17.50 | 23.90 | 39.91 | 51.82 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) | 9.83 | 2.98 | 17.58 | 24.06 | 40.17 | 52.11 |
| 6 | Equity Share Capital | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | - | - | - | - | - | - |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/-each) | | | | | | |
| | Basic : | 0.43 | 0.13 | 0.78 | 1.06 | 1.77 | 2.30 |
| | Diluted : | 0.43 | 0.13 | 0.78 | 1.06 | 1.77 | 2.30 |

**Notes:**

1 The above financial result are reviewed by audit committee and thereby have been taken on records by board of Director in their meeting held on 03.02.2025

2 Previous period figures have been re-grouped/reclassified whenever necessary to make them comparable with the current period figures.

3 These result have been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rule 2015 (Ind As) prescribed under Section 133 of the Companies Act 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent possible.

4 The company operates only in one segment.

5 The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the website of the Stock Exchange i.e. BSE Limited at www.bseindia.com and website of the listed entity i.e. Continental Chemicals Ltd at www.continentalchemicalsltd.com. The same can be accessed by scanning the QR code provided below.

Place : Noida
Date : 03.02.2025

For and on behalf of the Board of Continental Chemicals Limited
Sd/-
(Naresh Kumar Chibba)
Managing Director
DIN: 00376963